BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE

MR. SNEH PRATAP SINGH
HEAD
EMAIL: snehpratapsingh6845@gmail.com
MOB. NO.: 8081170070
DATE: 11/11/2023

बीएसएनवी पीजी कॉलेज में राजनीति शास्त्र विभाग में नवांगतुक उत्सव आयोजित हुआ

राजनीति शास्त्र के एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर संजय मिश्र, सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा प्रोफ़ेसर ज्योति काला, राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ स्नेह प्रताप सिंह एवं शिक्षिका डॉ ऋचा तिवारी ,डाॅ मनीषी त्रिवेदी द्वारा द्वीप प्रज्वलन से किया गया। इस दौरान प्राचार्य जी द्वारा छात्रों को भी द्वीप प्रज्वलन में सम्मिलित कर एक नयी परंपरा आरंभ हुई। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। बहुत ही उत्साह के साथ फ्रेशर्स का तालियों और संगीत के साथ स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी दीवांकर सक्सेना द्वारा किया गया । एक परिचय के द्वारा नवागंतुकों को सहज किया गया जिससे वे मंच पर मुखर हो सकें। इसके पश्चात तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने संगीत, (वाद्य एवं गायन) तथा नृत्य के माध्यम से अपनी रुचि एवं कला का प्रदर्शन किया। इनमें विशेष रूप से प्रथम सेमेस्टर से अनिकेत भास्कर (बाँसुरी वादन), आकाश द्विवेदी (नृत्य), श्वेता सिंह (नृत्य), आँचल त्रिवेदी (नृत्य) तथा तृतीय सेमेस्टर के गौरव सिंह (गायन), केशवी तिवारी (गायन) , यश अग्रवाल (कविता पाठ) का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। विभाग के ज्ञान को प्रतिबिंबित करते हुए राजनीति शास्त्र से जुड़े प्रश्नों पर एक क्विज़ प्रतियोगिता को भी संचालित किया गया जिसमें टीम गर्ल्स ने टीम बॉयेज़ को तीस अंकों से हराया। तत्पश्चात् म्यूज़िकल चेयर गेम का आयोजन किया गया जिसमें बारी-बारी से प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हमारे प्राचार्य प्रोफ़ेसर संजय मिश्रा जी ने जोश से भरे अंदाज़ में बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही कार्यक्रम में शिक्षक-छात्रों के बीच आनंदमय तारतम्य स्थापित करते हुए प्रो ज्योति काला एवं डॉ ऋचा तिवारी ने भी सुंदर गीत प्रस्तुत किये जिससे छात्रों में नवीन ऊर्जा का संचरण हुआ। कार्यक्रम के औपचारिक समापन में विभागाध्यक्ष डॉ स्नेह प्रताप सिंह द्वारा श्वेता सिंह को मिस फ्रेशर, अनिकेत भास्कर को मिस्टर फ्रेशर एवं आकाश द्विवेदी को सांत्वना पुरस्कार घोषित करते हुए भेंट दी गयीं।

(HEAD)
DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE